(क) द्वितीया एकवचन 2/1 (ख) तृतीया एकवचन 3/1 (ग) सप्तमी एकवचन 7/1

23. अपभ्रंश भाषा में पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग **अम्ह** सर्वनाम के द्वितीया विभक्ति एकवचन, तृतीया विभक्ति एकवचन तथा सप्तमी विभक्ति एकवचन में **'मइं'** होता है।

द्वितीया एकवचन 2/1

(क) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **मइं** (द्वितीया एकवचन)

तृतीया एकवचन 3/1

(ख) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **मइं** (तृतीया एकवचन)

सप्तमी एकवचन 7/1

(ग) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **मइं** (सप्तमी एकवचन)

तृतीया बहुवचन 3/2

24. अपभ्रंश भाषा में पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग **अम्ह** सर्वनाम के तृतीया विभक्ति बहुवचन में **'अम्हेहिं'** होता है।

अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **अम्हेहिं** (तृतीया बहुवचन)

(क) पंचमी एकवचन 5/1 (ख) षष्ठी एकवचन 6/1

25. अपभ्रंश भाषा में पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग **अम्ह** सर्वनाम के पंचमी विभक्ति एकवचन तथा षष्ठी विभक्ति एकवचन में **'महु'**, और **'मज्झु'** होते हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पंचमी एकवचन 5/1

(क) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **महु/मज्झु** (पंचमी एकवचन)

षष्ठी एकवचन 6/1

(ख) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **महु/मज्झु** (षष्ठी एकवचन)

(क) पंचमी बहुवचन 5/2 (ख) षष्ठी बहुवचन 6/2

26. अपभ्रंश भाषा में पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग **अम्ह** सर्वनाम के पंचमी विभक्ति बहुवचन तथा षष्ठी विभक्ति बहुवचन में '**अम्हहं**' होता है।

पंचमी बहुवचन 5/2

(क) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **अम्हहं** (पंचमी बहुवचन)

षष्ठी बहुवचन 6/2

(ख) अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **अम्हहं** (षष्ठी बहुवचन)

सप्तमी बहुवचन 7/2

27. अपभ्रंश भाषा में पुल्लिंग, नपुंसकलिंग और स्त्रीलिंग **अम्ह** सर्वनाम के सप्तमी विभक्ति बहुवचन में '**अम्हासु**' होता है।

अम्ह (मैं) (तीनों लिंग) - **अम्हासु** (सप्तमी बहुवचन)

नोट- अपभ्रंश भाषा में शब्द-रचना-प्रवृत्ति कहीं-कहीं प्राकृत भाषा[1] के अनुसार होती है और कहीं-कहीं पर शौरसेनी भाषा के मान भी होती है।

◆◆◆

1. हेमचन्द्र वृत्ति 4/329

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

क्रियाओं के कालबोधक प्रत्यय

वर्तमानकाल

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

1. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'उं'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+उं) = **हसउं** = (मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(ठा+उं)= **ठाउं** = (मैं) ठहरता हूँ/ठहरती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(हो+उं)= **होउं** = (मैं) होता हूँ/होती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'मि'** प्रत्यय भी उपर्युक्त क्रियाओं में लगता है। **'मि'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'आ'** और **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मि)=**हसमि/हसामि/हसेमि**=(मैं) हँसता हूँ/हँसती हूँ।(व.उपु.एक.)

(ठा+मि)=**ठामि** =(मैं) ठहरता हूँ/ठहरती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

(हो+मि) = **होमि** = (मैं) होता हूँ/होती हूँ। (व.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

2. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में <u>विकल्प से</u> **'हुं'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+हुं) = **हसहुं** = (हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ठा+हुं) = **ठाहुं** = (हम दोनों/हम सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हो+हुं) = **होहुं** = (हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'मो, मु** और **म'** प्रत्यय भी उपर्युक्त क्रियाओं में लगते हैं। **'मो, मु** और **म'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'आ' 'इ'** और **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+मो) = **हसमो/हसामो/हसिमो/हसेमो** =

(हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ठा+मो) = **ठामो** = (हम दोनों/हम सब)ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हो+मो) = **होमो** = (हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ख) (हस+मु)=**हसमु/हसामु/हसिमु/हसेमु** =

(हम दोनों/हम सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ठा+मु)=**ठामु** =(हम दोनों/हम सब)ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हो+मु)=**होमु** = (हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ग) (हस+म) = **हसम/हसाम/हसिम/हसेम** =

(हम दोनों/हम सब)हँसते हैं/हँसती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(ठा+म)=**ठाम** = (हम दोनों/हम सब)ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

(हो+म)= **होम** = (हम दोनों/हम सब) होते हैं/होती हैं। (व.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

3. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'हि'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+हि) = **हसहि** = (तुम) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+हि) = **ठाहि** = (तुम) ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.एक.)

(हो+हि) = **होहि** = (तुम)होते हो/होती हो। (व.म.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'सि और से'** प्रत्यय भी अकारान्त क्रियाओं में लगते हैं। **'सि'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है।

आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में केवल **'सि'** प्रत्यय ही लगता है **'से'** प्रत्यय नहीं लगता है। जैसे-

(हस+सि) = **हससि/हसेसि** = (तुम) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.एक.)

(हस+से) = **हससे** = (तुम) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.एक.)

(ठा+सि)= **ठासि** = (तुम) ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.एक.)

(हो+सि) = **होसि** (तुम) होते हो/होती हो। (व.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

4. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में विकल्प से **'हु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+हु) = **हसहु** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.बहु.)

(ठा+हु) = **ठाहु** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.बहु.)

(हो+हु) = **होहु** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो।(व.म.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'ह और इत्था'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'ध'** प्रत्यय भी उपर्युक्त क्रियाओं में लगता है। **'ह'** ,**'इत्था'** और **'ध'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(क) (हस+ह)=**हसह/हसेह**=(तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.बहु.)

(ठा+ह) = **ठाह** = (तुम दोनों/तुम सब)ठहरते हो/ठहरती हो। (व.म.पु.बहु.)

(हो+ह) = **होह** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो। (व.म.पु.बहु.)

(ख) (हस+इत्था)=**हसित्था/हसेइत्था** =

(तुम दोनों/तुम सब)हँसते हो/हँसती हो। (व.म.पु.बहु.)

(ठा+इत्था)=**ठाइत्था** = (तुम दोनों/तुम सब)ठहरते हो/ठहरती हो।(व.म.पु.बहु.)

(हो+इत्था)=**होइत्था** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो।(व.म.पु.बहु.)

(ग) (हस+ध)=**हसध/हसेध**=(तुम दोनों/तुम सब) हँसते हो/हँसती हो।(व.म.पु.बहु.)

(ठा+ध) = **ठाध** = (तुम दोनों/तुम सब)ठहरते हो/ठहरती हो।(व.म.पु.बहु.)

(हो+ध) = **होध** = (तुम दोनों/तुम सब) होते हो/होती हो। (व.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

5. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त क्रियाओं के वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'इ और ए'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'दि और दे'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। **'इ'** तथा **'दि'** प्रत्यय लगने पर क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है।

आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'इ'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'दि'** प्रत्यय ही क्रियाओं में लगते हैं **'ए'** तथा **'दे'** प्रत्यय इन क्रियाओं में नहीं लगते हैं। जैसे-

(हस+इ)= **हसइ/हसेइ** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+ए) = **हसए** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+दि)= **हसदि/हसेदि** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हस+दे) = **हसदे** = (वह) हँसता है/हँसती है। (व.अ.पु.एक.)

(ठा+इ) = **ठाइ** = (वह) ठहरता है/ठहरती है। (व.अ.पु.एक.)

(ठा+दि) = **ठादि** = (वह) ठहरता है/ठहरती है। (व.अ.पु.एक.)

(हो+इ) = **होइ** = (वह) होता है/होती है। (व.अ.पु.एक.)

(हो+दि) = **होदि** = (वह) होता है/होती है। (व.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

6. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन में <u>विकल्प से</u> **'हिं'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

(हस+हिं) = **हसहिं** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ठा+हिं) = **ठाहिं** (वे दोनों/वे सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(हो+हिं) = **होहिं** (वे दोनों/वे सब) होते हैं/होती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'न्ति, न्ते और इरे'** प्रत्यय भी उपर्युक्त क्रियाओं में लगते हैं। प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+न्ति) = **हसन्ति** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ठा+न्ति)=ठान्ति→**ठन्ति**=(वे दोनों/वे सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(हो+न्ति) = **होन्ति** = (वे दोनों/वे सब) होते हैं/होती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ख) (हस+न्ते) = **हसन्ते** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ठा+न्ते) = ठान्ते→**ठन्ते**= (वे दोनों/वे सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(हो+न्ते) = **होन्ते** = (वे दोनों/वे सब) होते हैं/होती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) (हस+इरे) = **हसिरे** = (वे दोनों/वे सब) हँसते हैं/हँसती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(ठा+इरे) = **ठाइरे** = (वे दोनों/वे सब) ठहरते हैं/ठहरती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

(हो+इरे) = **होइरे** = (वे दोनों/वे सब) होते हैं/होती हैं। (व.अ.पु.बहु.)

भूतकाल

उत्तम पुरुष 1/1, मध्यम पुरुष 2/1, अन्य पुरुष 3/1 (एकवचन)

उत्तम पुरुष 1/2, मध्यम पुरुष 2/2, अन्य पुरुष 3/2 (बहुवचन)

7. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त क्रियाओं में *प्राकृत भाषा* के अनुसार भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'ईअ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (मैं) हँसा/हँसी। (भू.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (हम दोनों/हम सब) हँसे/हँसीं। (भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (तुम) हँसे/हँसी। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसे/हँसीं। (भू.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (वह) हँसा/हँसी। (भू.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(हस+ईअ) = **हसीअ** = (वे दोनों/वे सब) हँसे/हँसीं। (भू.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उत्तम पुरुष 1/1, मध्यम पुरुष 2/1, अन्य पुरुष 3/1 (एकवचन)

उत्तम पुरुष 1/2, मध्यम पुरुष 2/2, अन्य पुरुष 3/2 (बहुवचन)

8. अपभ्रंश में आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में *प्राकृत भाषा* के अनुसार भूतकाल के उत्तम पुरुष एकवचन व बहुवचन, मध्यम पुरुष एकवचन व बहुवचन, अन्य पुरुष एकवचन व बहुवचन में **'सी'**, **'ही'**, **'हीअ'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

(ठा+सी) = **ठासी** = (मैं) ठहरा/ठहरी। (भू.उ.पु.एक.)

(ठा+ही) = **ठाही** = (मैं) ठहरा/ठहरी। (भू.उ.पु.एक.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (मैं) ठहरा/ठहरी। (भू.उ.पु.एक.)

(हो+सी) = **होसी** = (मैं) हुआ/हुई। (भू.उ.पु.एक.)

(हो+ही) = **होही** = (मैं) हुआ/हुई। (भू.उ.पु.एक.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (मैं) हुआ/हुई। (भू.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

(ठा+सी) = **ठासी** = (हम दोनों/हम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.उ.पु.बहु.)

(ठा+ही) = **ठाही** = (हम दोनों/हम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.उ.पु.बहु.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (हम दोनों/हम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.उ.पु.बहु.)

(हो+सी) = **होसी** = (हम दोनों/हम सब) हुए/हुईं। (भू.उ.पु.बहु.)

(हो+ही) = **होही** = (हम दोनों/हम सब) हुए/हुईं। (भू.उ.पु.बहु.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (हम दोनों/हम सब) हुए/हुईं। (भू.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

(ठा+सी) = **ठासी** = (तुम) ठहरे/ठहरी। (भू.म.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा+ही) = **ठाही** = (तुम) ठहरे/ठहरी। (भू.म.पु.एक.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (तुम) ठहरे/ठहरी। (भू.म.पु.एक.)

(हो+सी) = **होसी** = (तुम) हुए/हुई। (भू.म.पु.एक.)

(हो+ही) = **होही** = (तुम) हुए/हुई। (भू.म.पु.एक.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (तुम) हुए/हुई। (भू.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

(ठा+सी) = **ठासी** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.म.पु.बहु.)

(ठा+ही) = **ठाही** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.म.पु.बहु.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.म.पु.बहु.)

(हो+सी) = **होसी** = (तुम दोनों/तुम सब) हुए/हुईं। (भू.म.पु.बहु.)

(हो+ही) = **होही** = (तुम दोनों/तुम सब) हुए/हुईं। (भू.म.पु.बहु.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (तुम दोनों/तुम सब) हुए/हुईं। (भू.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(ठा+सी) = **ठासी** = (वह) ठहरा/ठहरी। (भू.अ.पु.एक.)

(ठा+ही) = **ठाही** = (वह) ठहरा/ठहरी। (भू.अ.पु.एक.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (वह) ठहरा/ठहरी। (भू.अ.पु.एक.)

(हो+सी) = **होसी** = (वह) हुआ/हुई। (भू.अ.पु.एक.)

(हो+ही) = **होही** = (वह) हुआ/हुई। (भू.अ.पु.एक.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (वह) हुआ/हुई। (भू.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

(ठा+सी) = **ठासी** = (वे दोनों/वे सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.अ.पु.बहु.)

(ठा+ही) = **ठाही** = (वे दोनों/वे सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.अ.पु.बहु.)

(ठा+हीअ) = **ठाहीअ** = (वे दोनों/वे सब) ठहरे/ठहरीं। (भू.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(हो+सी) = **होसी** = (वे दोनों/वे सब) हुए/हुईं। (भू.अ.पु.बहु.)

(हो+ही) = **होही** = (वे दोनों/वे सब) हुए/हुईं। (भू.अ.पु.बहु.)

(हो+हीअ) = **होहीअ** = (वे दोनों/वे सब) हुए/हुईं। (भू.अ.पु.बहु.)

भविष्यत्काल

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

9. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में <u>विकल्प से</u> **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'उं'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स+उं) = **हसिसउं/हसेसउं** = (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भ.उ.पु.एक.)

(ठा+स+उं) = **ठासउं** (मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भ.उ.पु.एक.)

(हो+स+उं) = **होसउं** (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भ.उ.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष एकवचन का **'मि'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+हि+मि) = **हसिहिमि/हसेहिमि** (मैं) हँसूँगा/हँसूँगी। (भ.उ.पु.एक.)

(ठा+हि+मि) = **ठाहिमि** ((मैं) ठहरूँगा/ठहरूँगी। (भ.उ.पु.एक.)

(हो+हि+मि) = **होहिमि** (मैं) होऊँगा/होऊँगी। (भ.उ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

10. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में <u>विकल्प से</u> **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन का **'हुं'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स+हुं) = **हसिसहुं/हसेसहुं** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(ठा+स+हुं) = **ठासहुं** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भ.उपु.बहु.)

(हो+स+हुं) = **होसहुं** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त उपर्युक्त क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमानकाल के उत्तम पुरुष बहुवचन के **'मो, मु** और **म'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+हि+मो)=**हसिहिमो/हसेहिमो** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(ठा+हि+मो) = **ठाहिमो** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(हो+हि+मो) = **होहिमो** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(ख) (हस+हि+मु) = **हसिहिमु/हसेहिमु** = (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(ठा+हि+मु) = **ठाहिमु** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(हो+हि+मु) = **होहिमु** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) (हस+हि+म) = **हसिहिम/ हसेहिम**= (हम दोनों/हम सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(ठा+हि+म) = **ठाहिम** = (हम दोनों/हम सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

(हो+हि+म) = **होहिम** = (हम दोनों/हम सब) होंगे/होंगी। (भ.उ.पु.बहु.)

मध्यम पुरुष एकवचन 2/1

11. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में विकल्प से **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन का **'हि'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स+हि) =**हसिसहि/हसेसहि** = (तुम) हँसोगे /हँसोगी। (भ.म.पु.एक.)

(ठा+स+हि) = **ठासहि** = (तुम) ठहरोगे /ठहरोगी। (भ.म.पु.एक.)

(हो+स+हि) = **होसहि** = (तुम) होओगे /होओगी। (भ.म.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त भविष्यत्काल के अर्थ में उपर्युक्त क्रियाओं में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष एकवचन के **'सि** और **से'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+हि+सि)=**हसिहिसि/हसेहिसि**= (तुम) हँसोगे /हँसोगी। (भ.म.पु.एक.)

(हस+हि+से) = **हसिहिसे/हसेहिसे**= (तुम) हँसोगे /हँसोगी। (भ.म.पु.एक.)

आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में केवल **'सि'** प्रत्यय ही जोड़ा जाता है **'से'** प्रत्यय नहीं। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) (ठा+हि+सि) = **ठाहिसि** = (तुम) ठहरोगे /ठहरोगी। (भ.म.पु.एक.)

(हो+हि+सि) = **होहिसि** = (तुम) होओगे /होओगी। (भ.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

12. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में विकल्प से **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन का **'हु'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स+हु) = **हसिसहु/हसेसहु** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(ठा+स+हु) = **ठासहु** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(हो+स+हु) = **होसहु** = (तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भ.म.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त भविष्यत्काल के अर्थ में उपर्युक्त क्रियाओं में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष बहुवचन के **'ह और इत्था'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'ध'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+हि+ह)= **हसिहिह/हसेहिह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी। (भ.म.पु.बहु)

(ठा+हि+ह) = **ठाहिह** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(हो+हि+ह) = **होहिह** = (तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भ.म.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) (हस+हि+इत्था) = **हसिहित्था/हसेहित्था** =

(तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी। (भ.मपु.एक.)

(ठा+हि+इत्था)=**ठाहित्था**=(तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(हो+हि+इत्था)=**होहित्था**=(तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(ग) (हस+हि+ध)= **हसिहिध/हसेहिध**= (तुम दोनों/तुम सब) हँसोगे/हँसोगी।

(भ.म.पु.बहु)

(ठा+हि+ध) = **ठाहिध** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरोगे/ठहरोगी। (भ.म.पु.बहु.)

(हो+हि+ध) = **होहिध** = (तुम दोनों/तुम सब) होवोगे/होवोगी। (भ.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

13. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में <u>विकल्प से</u> **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकंवचन के **'इ, ए, दि और दे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।

आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में केवल **'इ और दि'** प्रत्यय ही क्रियाओं में जोड़े जाते हैं **'ए और दे'** प्रत्यय नहीं। जैसे-

(हस+स+इ) = **हसिसइ/हसेसइ** = (वह) हँसेगा /हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+ए) = **हसिसए/हसेसए** = (वह) हँसेगा /हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+दि) = **हसिसदि/हसेसदि** = (वह) हँसेगा /हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+दे) = **हसिसदे/हसेसदे** = (वह) हँसेगा /हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(ठा+स+इ) = **ठासइ** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(ठा+स+दि) = **ठासदि** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हो+स+इ) = **होसइ** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हो+स+दि) = **होसदि** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भ.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इसके अतिरिक्त भविष्यत्काल के अर्थ में उपर्युक्त क्रियाओं में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन के **'इ, ए, दि** और **दे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है।

आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं में केवल **'इ और दि'** प्रत्यय ही क्रियाओं में जोड़े जाते हैं **'ए और दे'** प्रत्यय नहीं। जैसे-

(हस+हि+इ) = **हसिहिइ/हसेहिइ** = (वह) हँसेगा/हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+ए) = **हसिहिए/हसेहिए** = (वह) हँसेगा/हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+दि)=**हसिहिदि/हसेहिदि** = (वह) हँसेगा/हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+दे) = **हसिहिदे/हसेहिदे** = (वह) हँसेगा/हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(ठा+हि+इ) = **ठाहिइ** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(ठा+हि+दि) = **ठाहिदि** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हो+हि+इ) = **होहिइ** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हो+हि+दि) = **होहिदि** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भ.अ.पु.एक.)

इनके अतिरिक्त भविष्यत्काल के अर्थ में उपर्युक्त क्रियाओं में शौरसेनी भाषा के अनुसार **'स्सि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष एकवचन का **'दि'** प्रत्यय भी जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स्सि+दि) = **हसिस्सिदि** = (वह) हँसेगा/हँसेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(ठा+स्सि+दि) = **ठास्सिदि** = (वह) ठहरेगा/ठहरेगी। (भ.अ.पु.एक.)

(हो+स्सि+दि) = **होस्सिदि** = (वह) होवेगा/होवेगी। (भ.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

14. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में भविष्यत्काल के अर्थ में <u>विकल्प से</u> **'स'** प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन का **'हिं'** प्रत्यय जोड़ दिया जाता है और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+स+हिं) = **हसिसहिं/हसेसहिं** = (वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

(ठा+स+हिं) = **ठासहिं** = (वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी।(भ.अ.पु.बहु.)

(हो+स+हिं) = **होसहिं** = (वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

इसके अतिरिक्त भविष्यत्काल के अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार उपर्युक्त क्रियाओं में **'हि'** प्रत्यय भी जोड़ा जाता है, इसको जोड़ने के पश्चात् *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमानकाल के अन्य पुरुष बहुवचन के **'न्ति, न्ते** और **इरे'** प्रत्यय जोड़ दिये जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+हि+न्ति)=**हसिहिन्ति/हसेहिन्ति**=(वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

(ठा+हि+न्ति) = **ठाहिन्ति** = (वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी।(भ.अ.पु.बहु.)

(हो+हि+न्ति) = **होहिन्ति** = (वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

(ख) (हस+हि+न्ते)=**हसिहिन्ते/हसेहिन्ते**= (वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

(ठा+हि+न्ते) = **ठाहिन्ते** = (वे दोनों/वे सब) ठहरेंगे/ठहरेंगी।(भ.अ.पु.बहु.)

(हो+हि+न्ते) = **होहिन्ते** = (वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) (हस+हि+इरे) = **हसिहिइरे** या **हसिहिरे/हसेहिइरे** या **हसेहिरे** =
(वे दोनों/वे सब) हँसेंगे/हँसेंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

(ठा+हि+इरे) = **ठाहिइरे** या **ठाहिरे** =
(वे दोनों/वे सब)ठहरेंगे/ठहरेंगी।(भ.अ.पु.बहु.)

(हो+हि+इरे)= **होहिइरे** या **होहिरे**=(वे दोनों/वे सब) होंगे/होंगी। (भ.अ.पु.बहु.)

विधि एवं आज्ञा

उत्तम पुरुष एकवचन 1/1

15. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार '**मु**' प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। '**मु**' प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**ए**' भी हो जाता है। जैसे-

(हस+मु) = **हसमु/हसेमु** = (मैं) हँसूँ। (वि. उ.पु. एक.)

(ठा+मु) = **ठामु** = (मैं) ठहरूँ। (वि.उ.पु.एक.)

(हो+मु) = **होमु** = (मैं) होऊँ। (वि.उ.पु.एक.)

उत्तम पुरुष बहुवचन 1/2

16. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के उत्तम पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार '**मो**' प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। '**मो**' प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य '**अ**' का '**आ**' और '**ए**' भी हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+मो)=**हसमो/हसामो/हसेमो**=(हम दोनों/हम सब) हँसें। (वि.उ.पु.बहु.)

(ठा+मो) = **ठामो** = (हम दोनों/हम सब) ठहरें। (वि.उ.पु.बहु.)

(हो+मो) = **होमो** = (हम दोनों/हम सब) होवें। (वि.उ.पु.बहु.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

17. अपभ्रंश भाषा में अक्कारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष एकवचन में <u>विकल्प से</u> **'इ, उ और ए'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। जैसे-

(क) (हस+इ) = **हसि** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक.)
(ठा+इ) = **ठाइ** = (तुम) ठहरो। (वि.म.पु.एक.)
(हो+इ) = **होइ** = (तुम) होवो। (वि.म.पु.एक.)

(ख) (हस+उ) = **हसु** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक.)
(ठा+उ) = **ठाउ** = (तुम) ठहरो। (वि.म.पु.एक.)
(हो+उ) = **होउ** = (तुम) होवो। (वि.म.पु.एक.)

(ग) (हस+ए) = **हसे** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक.)
(ठा+ए) = **ठाए** = (तुम) ठहरो। (वि.म.पु.एक.)
(हो+ए) = **होए** = (तुम) होवो। (वि.म.पु.एक.)

इसके अतिरिक्त *प्राकृत भाषा* के अनुसार अकारान्त क्रियाओं में **'हि, सु और शून्य (0)'** प्रत्यय भी लगते हैं। प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+हि) = **हसहि/हसेहि** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक.)
(हस+सु) = **हससु/हसेसु** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक.)
(हस+0) = **हस** = (तुम) हँसो। (वि.म.पु.एक)

आकारान्त व ओकारान्त आदि क्रियाओं में केवल **'हि और सु'** प्रत्यय ही लगते हैं **'शून्य (0)'** प्रत्यय नहीं लगता। जैसे-

(ख) (ठा+हि) = **ठाहि** = (तुम) ठहरो। (वि.म.पु.एक.)
(हो+हि) = **होहि** = (तुम) होवो। (वि.म.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ग) (ठा+सु) = **ठासु** = (तुम) ठहरो। (वि.म.पु.एक.)

(हो+सु) = **होसु** = (तुम) होवो। (वि.म.पु.एक.)

मध्यम पुरुष बहुवचन 2/2

18. अपभ्रंश में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के मध्यम पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'ह'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'ध'** प्रत्यय क्रियाओं में लगता है। **'ह'** और **'ध'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+ह) = **हसह/हसेह** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (वि.म.पु.बहु.)

(ठा+ह) = **ठाह** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरो। (वि.म.पु.बहु.)

(हो+ह) = **होह** = (तुम दोनों/तुम सब) होवो। (वि.म.पु.बहु.)

(ख) (हस+ध) = **हसध/हसेध** = (तुम दोनों/तुम सब) हँसो। (वि.म.पु.बहु.)

(ठा+ध) = **ठाध** = (तुम दोनों/तुम सब) ठहरो। (वि.म.पु.बहु.)

(हो+ध) = **होध** = (तुम दोनों/तुम सब) होवो। (वि.म.पु.बहु.)

अन्य पुरुष एकवचन 3/1

19. अपभ्रंश में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष एकवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'उ'** प्रत्यय तथा शौरसेनी भाषा के अनुसार **'दु'** प्रत्यय क्रियाओं में लगते हैं। **'उ और दु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। जैसे-

(क) (हस+उ) = **हसउ/हसेउ** = (वह) हँसे। (वि.अ.पु.एक.)

(ठा+उ) = **ठाउ** = (वह) ठहरे। (वि.अ.पु.एक.)

(हो+उ) = **होउ** = (वह) होवे। (वि.अ.पु.एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) (हस+दु) = **हसदु/हसेदु** = (वह) हँसे। (वि.अ.पु.एक.)

(ठा+दु) = **ठादु** = (वह) ठहरे। (वि.अ.पु.एक.)

(हो+दु) = **होदु** = (वह) होवे। (वि.अ.पु.एक.)

अन्य पुरुष बहुवचन 3/2

20. अपभ्रंश भाषा में अकारान्त, आकारान्त, ओकारान्त आदि क्रियाओं के विधि एवं आज्ञा के अन्य पुरुष बहुवचन में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'न्तु'** प्रत्यय क्रिया में लगता है। **'न्तु'** प्रत्यय लगने पर अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'ए'** भी हो जाता है। प्राकृत के नियमानुसार संयुक्ताक्षर के पहिले यदि दीर्घ स्वर हो तो वह ह्रस्व हो जाता है। जैसे-

(हस+न्तु) = **हसन्तु/हसेन्तु** = (वे दोनों/वे सब) हँसें। (वि.अ.पु.बहु.)

(ठा+न्तु) = ठान्तु→**ठन्तु** = (वे दोनों/वे सब) ठहरें। (वि.अ.पु.बहु.)

(हो+न्तु) = **होन्तु** = (वे दोनों/वे सब)होवें। (वि.अ.पु.बहु.)

नोट- अपभ्रंश भाषा में शब्द-रचना-प्रवृत्ति कहीं-कहीं प्राकृत भाषा[1] के अनुसार होती है और कहीं-कहीं पर शौरसेनी भाषा के समान भी होती है।

◆◆◆

---

1. हेमचन्द्र वृत्ति 4/329

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कृदन्तों के प्रत्यय

विधि कृदन्त

1.(क) अपभ्रंश भाषा में **'चाहिए'** अर्थ में विधि कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। विधि कृदन्त में **'इएव्वउं', 'एव्वउं'** और **'एवा'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। जैसे-

1. (हस+इएव्वउं) = **हसिएव्वउं** (हँसा जाना चाहिए)
2. (हस+एव्वउं) = **हसेव्वउं** (हँसा जाना चाहिए)
3. (हस+एवा) = **हसेवा** (हँसा जाना चाहिए)

(ख) अपभ्रंश भाषा में *प्राकृत भाषा* के अनुसार विधि कृदन्त में **'अव्व, यव्व, तव्व** और **दव्व'** प्रत्यय भी क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और अकारान्त क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** और **'ए'** हो जाता है। जैसे-

(हस+अव्व) = **हसिअव्व/हसेअव्व** (हँसा जाना चाहिए)
(हस+यव्व) = **हसियव्व/हसेयव्व** (हँसा जाना चाहिए)
(हस+तव्व) = **हसितव्व/हसेतव्व** (हँसा जाना चाहिए)
(हस+दव्व) = **हसिदव्व/हसेदव्व** (हँसा जाना चाहिए)

सम्बन्धक भूतकृदन्त

2. (i) अपभ्रंश भाषा में **'करके'** अर्थ में संबंधक भूतकृदन्त का प्रयोग किया जाता है। संबंधक भूतकृदन्त में **'इ', 'इउ', 'इवि', 'अवि', 'एप्पि', 'एप्पिणु', 'एवि'** और **'एविणु'** प्रत्यय क्रिया में जोड़े जाते हैं। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

1. (हस+इ) = **हसि** (हँसकर)

2. (हस+इउ) = **हसिउ** (हँसकर)

3. (हस+इवि) = **हसिवि** (हँसकर)

4. (हस+अवि) = **हसवि** (हँसकर)

5. (हस+एप्पि) = **हसेप्पि** (हँसकर)

6. (हस+एप्पिणु) = **हसेप्पिणु** (हँसकर)

7. (हस+एवि) = **हसेवि** (हँसकर)

8. (हस+एविणु) = **हसेविणु** (हँसकर)

(ii) अपभ्रंश भाषा में **'करके'** अर्थ में संबंधक भूतकृदन्त का प्रयोग किया जाता है। शौरसेनी भाषा के अनुसार संबंधक भूतकृदन्त में **'इय'**, **'दूण'**, **'दूणं'** और **'त्ता'** प्रत्यय भी क्रिया में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

1. (हस+इय) = **हसिय** (हँसकर)

2. (हस+दूण) = **हसिदूण/हसिदूणं** (हँसकर)

3. (हस+त्ता) = **हसित्ता** (हँसकर)

---

3. अपभ्रंश भाषा में **'जाकर'**, **'गमन करके'** अर्थ में **'गम'** क्रिया में **'एप्पिणु'** और **'एप्पि'** प्रत्यय क्रिया में जोड़े जाते हैं। इन प्रत्ययों को क्रिया में जोड़ने के पश्चात् विकल्प से एप्पिणु और एप्पि प्रत्ययों के आदि स्वर **ए** का लोप हो जाता है।

जैसे- (गम+एप्पिणु) = **गम्प्पिणु/गमेप्पिणु** (जाकर/गमन करके)

(गम+एप्पि) = **गम्प्पि/गमेप्पि** (जाकर/गमन करके)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

हेत्वर्थक कृदन्त

4. अपभ्रंश भाषा में **'के लिए'** अर्थ में हेत्वर्थक कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। हेत्वर्थक कृदन्त में **'एवं'**, **'अण'**, **'अणहं'**, **'अणहिं'**, **'एप्पि'**, **'एप्पिणु'**, **'एवि'** और **'एविणु'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। जैसे-

1. (हस+एवं) = **हसेवं** (हँसने के लिए)
2. (हस+अण) = **हसण** (हँसने के लिए)
3. (हस+अणहं) = **हसणहं** (हँसने के लिए)
4. (हस+अणहिं) = **हसणहिं** (हँसने के लिए)
5. (हस+एप्पि) = **हसेप्पि** (हँसने के लिए)
6. (हस+एप्पिणु) = **हसेप्पिणु** (हँसने के लिए)
7. (हस+एवि) = **हसेवि** (हँसने के लिए)
8. (हस+एविणु) = **हसेविणु** (हँसने के लिए)

भूतकालिक कृदन्त

5. अपभ्रंश भाषा में भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए *प्राकृत भाषा* के अनुसार भूतकालिक कृदन्त का भी प्रयोग किया जाता है। भूतकालिक कृदन्त में **'अ'** और **'य'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं और क्रिया के अन्त्य **'अ'** का **'इ'** हो जाता है। जैसे-

(हस+अ) = **हसिअ** (हँसा)

(हस+य) = **हसिय** (हँसा)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

6. अपभ्रंश भाषा में **हँसता हुआ** आदि भावों को प्रकट करने के लिए *प्राकृत भाषा* के अनुसार वर्तमान कृदन्त का प्रयोग किया जाता है। वर्तमान कृदन्त में **'न्त'** और **'माण'** प्रत्यय क्रियाओं में जोड़े जाते हैं। जैसे-

(हस+न्त) = **हसन्त** (हँसता हुआ)

(हस+माण) = **हसमाण** (हँसता हुआ)

नोट- अपभ्रंश भाषा में शब्द-रचना-प्रवृत्ति कहीं-कहीं प्राकृत भाषा[1] के अनुसार होती है और कहीं-कहीं पर शौरसेनी भाषा के समान भी होती है।

◆◆◆

---

1. हेमचन्द्र वृत्ति 4/329

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भाववाच्य एवं कर्मवाच्य के प्रत्यय

1. अपभ्रंश भाषा में भाववाच्य तथा कर्मवाच्य का प्रयोग किया जाता है। अकर्मक क्रियाओं से **भाववाच्य** तथा सकर्मक क्रियाओं से **कर्मवाच्य** बनाया जाता है।

क्रिया का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

अकर्मक क्रियाओं से भाववाच्य बनाने के लिए *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'इज्ज'** और *__'इअ'/'इय'__ प्रत्यय जोड़े जाते हैं। कर्ता में **तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन)** होगी। क्रिया में उपर्युक्त प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् **'अन्य पुरुष एकवचन'** के प्रत्यय भी काल के अनुसार लगा दिये जाते हैं।

'इज्ज' और **'इअ'/'इय'** प्रत्यय **वर्तमानकाल, भूतकाल** तथा **विधि एवं आज्ञा** में लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (i) (हस+इज्ज+इ) = **हसिज्जइ** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इज्ज+ए) = **हसिज्जए** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इज्ज+दि) = **हसिज्जदि** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इज्ज+दे) = **हसिज्जदे** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(ii) (हस+इय+इ) = **हसियइ** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इय+ए) = **हसियए** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इय+दि) = **हसियदि** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

(हस+इय+ए) = **हसियदे** = हँसा जाता है। (व.अ.पु.एक.)

---

* इअ/इय के लिए देखें, अपभ्रंश भाषा का अध्ययन, पृष्ठ-218

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) (हस+इज्ज+ईअ) = **हसिज्जईअ (हसिज्जीअ)** = हँसा गया। (भू.अ.पु.एक.)

(हस+इअ+ईअ) = **हसिअईअ (हसिईअ)** = हँसा गया। (भू.अ.पु.एक.)

(ग) (i) (हस+इज्ज+उ) = **हसिज्जउ** = हँसा जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(हस+इज्ज+दु) = **हसिज्जदु** = हँसा जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(ii) (हस+इअ+उ) = **हसिअउ** = हँसा जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(हस+इअ+दु) = **हसिअदु** = हँसा जाए। (वि.अ.पु.एक.)

---

2. भविष्यत्काल में क्रिया का **भविष्यत्काल कर्तृवाच्य** रूप ही बना रहता है उसमें **'इज्ज'** और **'इअ'** प्रत्यय नहीं लगते। जैसे-

(क) (हस+स+इ) = **हसिसइ/हसेसइ** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+ए) = **हसिसए/हसेसए** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+दि) = **हसिसदि/हसिसदि** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+स+दे) = **हसिसदे/हसेसदे** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(ख) (हस+हि+इ) = **हसिहिइ/हसेहिइ** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+ए) = **हसिहिए/हसेहिए** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+दि) = **हसिहिदि/हसेहिदि** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

(हस+हि+दे) = **हसिहिदे/हसेहिदे** = हँसा जायेगा। (भ.अ.पु.एक.)

नोट- अपभ्रंश भाषा में शब्द-रचना-प्रवृत्ति कहीं-कहीं प्राकृत भाषा[1] के अनुसार होती है और कहीं-कहीं पर शौरसेनी भाषा के समान भी होती है।

◆◆◆

---

1. हेमचन्द्र वृत्ति 4/329

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कृदन्तों का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

भूतकालिक कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

जब क्रिया अकर्मक होती है तो अपभ्रंश भाषा में *प्राकृत भाषा* के अनुसार भूतकालिक कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग होता है। कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी। **कृदन्त** में सदैव **'नपुंसकलिंग एकवचन'** ही होगा। जैसे-

हसिअ/हसिआ/हसिउ = हँसा गया।

नोट- जब अकर्मक क्रियाओं में भूतकालिक कृदन्त के प्रत्ययों को लगाया जाता है तो भूतकाल का भाव प्रकट करने के लिए इनका प्रयोग कर्तृवाच्य में भी किया जा सकता है। कर्ता पुल्लिग, नपुंसकलिंग, स्त्रीलिंग में से जो भी होगा भूतकालिक कृदन्त के रूप भी उसी के अनुसार होंगे। जैसे-

(क) नरिंद/नरिंदा/नरिंदु/नरिंदो **हसिअ/हसिआ/हसिउ/हसिओ** = राजा हँसा। (पुल्लिग एकवचन)

(ख) कमल/कमला/कमलु **विअसिअ/विअसिआ/विअसिउ** = कमल खिला । (नपुंसकलिंग एकवचन)

(ग) ससा/सस **हसिआ/हसिअ** = बहिन हँसी। (स्त्रीलिंग एकवचन)

विधि कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग-नियम

(क) जब क्रिया अकर्मक होती है तो अपभ्रंश भाषा में *प्राकृत भाषा* के अनुसार विधि कृदन्त का प्रयोग भाववाच्य में किया जाता है। कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी। **कृदन्त** में सदैव **'नपुंसकलिंग एकवचन'** ही होगा। जैसे-

हसिअव्व/हसिअव्वा/हसिअव्वु आदि = हँसा जाना चाहिए।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ख) अपभ्रंश में विधि कृदन्त का भाववाच्य में प्रयोग करने के लिए कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।
कृदन्त में कोई परिवर्तन नहीं होगा। जैसे-
हसिएव्वउं/हसेव्वउं/हसेवा = हँसा जाना चाहिए।

नोट- विधि कृदन्त कर्तृवाच्य में प्रयुक्त नहीं होता है।

क्रिया का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

सकर्मक क्रियाओं से कर्मवाच्य बनाने के लिए *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'इज्ज'** और **'इअ'/'इय'** प्रत्यय जोड़े जाते हैं।
कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।
कर्म में द्वितीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) के स्थान पर **प्रथमा** विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।
क्रिया में उपर्युक्त प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् (**प्रथमा में परिवर्तित**) कर्म के अनुसार **'क्रिया'** में पुरुष और वचन के प्रत्यय काल के अनुरूप जोड़ दिए जाते हैं।
'इज्ज' और **'इअ'/'इय'**प्रत्यय **वर्तमानकाल, भूतकाल** तथा **विधि एवं आज्ञा** में लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (कोक+इज्ज+इ) = **कोकिज्जइ** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इज्ज+ए) = **कोकिज्जए** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इज्ज+दि)=**कोकिज्जदि** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इज्ज+दे)= **कोकिज्जदे** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इय+इ) = **कोकियइ** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इय+ए) = **कोकियए** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)
(कोक+इय+दि)= **कोकियदि** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(कोक+इय+दे) = **कोकियदे** = बुलाया जाता है। (व.अ.पु. एक.)

(ख) (कोक+इज्ज+ईअ)= **कोकिज्जईअ (कोकिज्जीअ)** = बुलाया गया। (भू.अ.पु.एक.)

(कोक+इअ+ईअ)= **कोकिअईअ (कोकिईअ)** = बुलाया गया। (भू.अ.पु.एक.)

(ग) (कोक+इज्ज+उ) = **कोकिज्जउ** = बुलाया जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(कोक+इज्ज+दु) = **कोकिज्जदु** = बुलाया जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(कोक+इय+उ) = **कोकियउ** = बुलाया जाए। (वि.अ.पु.एक.)

(कोक+इय+दु) = **कोकियदु** = बुलाया जाए। (वि.अ.पु.एक.)

नोट: इस प्रकार उत्तम पुरुष व मध्यम पुरुष का प्रयोग एकवचन व बहुवचन में तथा अन्य पुरुष का प्रयोग बहुवचन में किया जा सकता है।

---

2. भविष्यत्काल में क्रिया का **भविष्यत्काल कर्तृवाच्य** रूप ही बना रहता है उसमें **'इज्ज'** और **'इअ'** प्रत्यय नहीं लगाये जाते हैं। जैसे-

(क) (कोक+स+इ)=**कोकिसइ/कोकेसइ** = बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+स+ए)=**कोकिसए/कोकेसए** = बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+स+दि)=**कोकिसदि/कोकेसदि**=बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+स+दे)=**कोकिसदे/कोकेसदे** = बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(ख) (कोक+हि+इ)=**कोकिहिइ/कोकेहिइ**=बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+हि+ए)=**कोकिहिए/कोकेहिए**=बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+हि+दि)=**कोकिहिदि/कोकेहिदे**=बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

(कोक+हि+दे)=**कोकिहिदे/कोकेहिदे**=बुलाया जायेगा।(भ.अ.पु.एक.)

नोट: इस प्रकार उत्तम पुरुष व मध्यम पुरुष का प्रयोग एकवचन व बहुवचन में तथा अन्य पुरुष का प्रयोग बहुवचन में किया जा सकता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कृदन्तों का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

भूतकालिक कृदन्त का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

जब क्रिया सकर्मक होती है तो भूतकालिक कृदन्त का प्रयोग कर्मवाच्य में किया जाता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कर्म में प्रथमा विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त के रूप (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के लिंग और वचन के अनुसार चलेंगे। जैसे-

(क) कोकिअ/कोकिआ/कोकिउ/कोकिओ = बुलाया गया। (पुल्लिंग एकवचन)
कोकिअ/कोकिआ = बुलाये गये। (पुल्लिग बहुवचन)

(ख) इच्छिअ/इच्छिआ/इच्छिउ = चाहा गया। (नपुंसकलिंग एकवचन)
पेच्छिअ/पेच्छिआ/पेच्छिअइं/पेच्छिआइं = देखे गये।
(नपुंसकलिंग बहुवचन)

(ग) सुणिआ/सुणिअ = सुनी गयी। (स्त्रीलिंग एकवचन)
सुणिआ/सुणिअ/सुणिआउ/सुणिअउ/सुणिआओ/सुणिअउ = सुनी गयी। (स्त्रीलिंग बहुवचन)

विधि कृदन्त का कर्मवाच्य में प्रयोग-नियम

(क) जब क्रिया सकर्मक होती है तो अपभ्रंश भाषा में *प्राकृत भाषा* के अनुसार विधि कृदन्त का प्रयोग कर्मवाच्य में किया जाता है।

कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कर्म में प्रथमा विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी।

कृदन्त के रूप (प्रथमा में परिवर्तित) कर्म के लिंग और वचन के अनुसार चलेंगे। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(क) 1 (i) कीणिअव्व/कीणियव्व/कीणितव्व/कीणिदव्व/आदि =
खरीदा जाना चाहिए। (पुल्लिंग एकवचन)

(ii) कीणिअव्व/कीणिअव्वा आदि = खरीदे जाने चाहिए।
(पुल्लिंग बहुवचन)

(क) 2 (i) पेच्छिअव्व/पेच्छिअव्वा/पेच्छिअव्वु/आदि =
देखी जानी चाहिए। (नपुंसकलिंग एकवचन)

(ii) पेच्छिअव्व/पेच्छिअव्वा/पेच्छिअव्वइं/पेच्छिअव्वाइं/आदि =
देखी जानी चाहिए। (नपुंसकलिंग बहुवचन)

(क) 3 (i) पेसिअव्वा/पेसिअव्व/आदि = भेजा जाना चाहिए।
(स्त्रीलिंग एकवचन)

(ii) पेसिअव्वा/पेसिअव्व/पेसिअव्वाउ/पेसिअव्वउ/पेसिअव्वाओ/
पेसिअव्वओ/आदि = भेजे जाने चाहिए। (स्त्रीलिंग बहुवचन)

(ख) अपभ्रंश में विधि कृदन्त का कर्मवाच्य में प्रयोग करने के लिए भी कर्ता में तृतीया विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी। कर्म में प्रथमा विभक्ति (एकवचन अथवा बहुवचन) होगी। **कृदन्त** में कोई परिवर्तन नहीं होगा। जैसे-

(ख) 1 (i) कीणिएव्वउं/कीणेव्वउं/कीणेवा = खरीदा जाना चाहिए।
(पुल्लिंग एकवचन)

(ii) कीणिएव्वउं/कीणेव्वउं/कीणेवा = खरीदा जाना चाहिए।
(पुल्लिंग बहुवचन)

(ख) 2 (i) पेच्छिएव्वउं/पेच्छव्वउं/पेच्छेवा = देखी जानी चाहिए।
(नपुंसकलिंग एकवचन)

(ii) पेच्छिएव्वउं/पेच्छव्वउं/पेच्छेवा= देखी जानी चाहिए।
(नपुंसकलिंग बहुवचन)

(ख) 3 (i) पेसिएव्वउं/पेसेव्वउं/पेसेवा = भेजा जाना चाहिए।(स्त्रीलिंग एकवचन)

(ii) पेसिएव्वउं/पेसेव्वउं/पेसेवा = भेजे जाने चाहिए। (स्त्रीलिंग बहुवचन)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्वार्थिक प्रत्यय

1. अपभ्रंश भाषा में **'अ', 'अड'** और **'उल्ल'** स्वार्थिक प्रत्यय होते हैं। इनमें से कोई भी एक, दो अथवा कभी-कभी तीनों एक साथ संज्ञाओ में जोड़ दिए जाते हैं। इस प्रकार कुल स्वार्थिक प्रत्यय सात हो जाते हैं। (1) अ (2) अड (3) उल्ल (4) अडअ (5) उल्लअ (6) उल्लअड/उल्लड (7) उल्लअडअ/उल्लडअ।

उपर्युक्त स्वार्थिक प्रत्यय जोड़ने पर मूल अर्थ में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

संज्ञा शब्दों में स्वार्थिक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् विभक्ति बोधक प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

(i) (जीविय+अ) = **जीवियअ** (जीवित)

जीवियअ/जीवियआ/जीवियउ/जीवियओ (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(जीव+अड) = **जीवड** (जीव)

जीवड/जीवडा/जीवडु/जीवडो (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(गोर+अड) = गोरड →**गोरडी** (पत्नी) (प्रथमा विभक्ति, एकवचन)

(कुडी+उल्ल) = कुडुल्ल→**कुडुल्ली** (झोंपड़ी) (प्रथमा विभक्ति, एकवचन) (अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग में ई प्रत्यय जोड़ा जाता है)।

(ii) (हिअ+अड+अ) = हिअडअ (हृदय)

(चुड+उल्ल+अ) = चुडुल्लअ (कंकण)

(कन्न+उल्ल+अड) = कन्नुल्लड (कान)

(iii) (बाहुबल+उल्ल+अड+अ) = बाहुबलुल्लडअ (भुजा का बल)

---

2. अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग संज्ञा शब्दों के अन्त में स्थित **'अकार'**को **'आ'** प्रत्यय की प्राप्ति होने के पहले **'इकार'** वर्ण की प्राप्ति हो जाती है। जैसे-

(धूलि+अड) = धूलड

(धूलड+आ) = धूलडिआ (धूलि-रजकण)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रेरणार्थक प्रत्यय

1. अपभ्रंश भाषा में प्रेरणा अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'अ'** और **'आव'** प्रत्यय क्रिया में जोड़े जाते हैं। प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् अकर्मक क्रिया **सकर्मक** हो जाती है। इसलिए इस क्रिया में कर्तृवाच्य और कर्मवाच्य का ही प्रयोग होता है। जैसे-

(हस+अ) = **हास** (हँसाना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

(हस+आव) = **हसाव** (हँसाना)

(कर+अ) = **कार** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

(कर+आव) = **कराव** (कराना)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् कालों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कालों के सकर्मक प्रेरणार्थक रूप बन जाते हैं। जैसे-

हस = हँसना (अकर्मक क्रिया)

वर्तमानकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासइ** आदि (ii) **हसावइ** आदि = हँसाता है/हँसाती है।

भूतकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासीअ** आदि (ii) **हसावीअ** आदि = हँसाया।

भविष्यत्काल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासेसइ** आदि (ii) **हसावेसइ** आदि =हँसायेगा/हँसायेगी।

विधि एवं आज्ञा अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **हासउ, हासदु** (ii) **हसावउ, हसावदु** = हँसावे।

कर = करना (सकर्मक क्रिया)

वर्तमानकाल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारइ** आदि (ii) **करावइ** आदि = करवाता है/करवाती है।

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भूतकाल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारीअ** (ii) **करावीअ** आदि = करवाया।

भविष्यत्काल, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारेसइ** आदि (ii) **करावेसइ** आदि = करवायेगा/करवायेगी।

विधि एवं आज्ञा, अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(i) **कारउ** आदि (ii) **करावउ** आदि = करवावे।

इसी प्रकार उत्तम पुरुष, मध्यम पुरुष के रूप बनेंगे।

कर्मवाच्य के प्रेरणार्थक प्रत्यय: आवि, 0

2. अपभ्रंश भाषा में प्रेरणा अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **भाववाच्य** और **कर्मवाच्य** के **'आवि'** और **'शून्य' (0)** प्रत्यय क्रिया में जोड़े जाते हैं। इससे अकर्मक क्रिया सकर्मक बन जाती है। जैसे-

(हस+आवि) = **हसावि** (हँसाना)

(हस+0) = **हास** (हँसाना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

(कर+आवि) = **करावि** (कराना)

(कर+0) = **कार** (कराना) (उपान्त्य[1] 'अ' का 'आ' हो जाता है)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कर्मवाच्य के **इज्ज** और **इय** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

(क) हसावि+इज्ज = **हसाविज्ज** (हँसाया जाना)

हसावि+इय = **हसाविय** (हँसाया जाना)

हास+इज्ज = **हासिज्ज** (हँसाया जाना)

हास+इय = **हासिय** (हँसाया जाना)

(ख) करावि+इज्ज = **करावियज्ज** (करवाया जाना)

करावि+इय = **करावियय** (करवाया जाना)

---

1. उपान्त्य अर्थात् क्रिया के अन्त का पूर्ववर्ती स्वर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कार+इज्ज = **कारिज्ज** (करवाया जाना)

कार+इय = **कारिय** (करवाया जाना)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् कालों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कालों के प्रेरणार्थक कर्मवाच्य के रूप बन जाते हैं। जैसे-

वर्तमानकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(क) हसावि+इज्ज+इ आदि = **हसाविज्जइ** आदि (हँसाया जाता है)

हसावि+इय+इ आदि = **हसावियइ** आदि (हँसाया जाता है)

हास+इज्ज+इ आदि = **हासिज्जइ** आदि (हँसाया जाता है)

हास+इय+इ आदि = **हासियइ** आदि (हँसाया जाता है)

(ख) करावि+इज्ज+इ आदि = **करावियइ** आदि (करवाया जाता है)

करावि+इय+इ आदि = **करावियइ** आदि (करवाया जाता है)

कार+इज्ज+इ आदि = **कारिज्जइ** आदि (करवाया जाता है)

कार+इय+इ आदि = **कारियइ** आदि (करवाया जाता है)

भूतकाल अन्य पुरुष एकवचन 3/1

(क) हसावि+इज्ज+ईअ = **हसाविज्जईअ** (हँसाया गया)

हसावि+इय+ईअ = **हसावियईअ** (हँसाया गया)

हास+इज्ज+ईअ = **हासिज्जईअ** (हँसाया गया)

हास+इय+ईअ = **हासियईअ** (हँसाया गया)

(ख) करावि+इज्ज+ईअ = **करावियईअ** (करवाया गया)

करावि+इय+ईअ = **करावियईअ** (करवाया गया)

कार+इज्ज+ईअ = **कारिज्जईअ** (करवाया गया)

कार+इय+ईअ = **कारियईअ** (करवाया गया)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(क) हसावि+इज्ज+उ आदि = **हसाविज्जउ** आदि (हँसाया जावे)
हसावि+इय+उ आदि = **हसावियउ** आदि (हँसाया जावे)
हास+इज्ज+उ आदि = **हासिज्जउ** आदि (हँसाया जावे)
हास+इय+उ आदि = **हासियउ** आदि (हँसाया जावे)

(ख) करावि+इज्ज+उ आदि = **करावियउ** आदि (करवाया जावे)
करावि+इय+उ = **करावियउ** आदि (करवाया जावे)
कार+इज्ज+उ = **कारिज्जउ** आदि (करवाया जावे)
कार+इय+उ= **कारियउ** आदि (करवाया जावे)

इसी प्रकार उत्तम पुरुष एवं मध्यम पुरुष के रूप बना लेने चाहिए।

नोट– **भविष्यत्काल** में प्रेरणार्थक कर्मवाच्य में **'इज्ज, इय/इअ'** प्रत्यय नहीं लगते हैं। भविष्यत्काल में प्रेरणार्थक कर्मवाच्य में भविष्यत्काल की क्रिया का रूप कर्तृवाच्य के अनुसार ही रहेगा किन्तु अर्थ कर्मवाच्य के अनुसार होगा।

कृदन्तों के प्रेरणार्थक प्रत्यय: आवि, 0

3. अपभ्रंश भाषा में प्रेरणा अर्थ में *प्राकृत भाषा* के अनुसार **'आवि'** और **'शून्य' (0)** प्रत्यय जोड़े जाते हैं। क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात कृदन्तों के प्रत्यय जोड़े जाते हैं। जैसे-

(हस+आवि) = **हसावि** (हँसाना)
(हस+0) = **हास** (हँसाना) (उपान्त्य 'अ' का 'आ' हो जाता है)।
(कर+आवि) = **करावि** (कराना)
(कर+0) = **कार** (कराना) (उपान्त्य 'अ' का 'आ' हो जाता है)

क्रियाओं में प्रेरणार्थक प्रत्यय जोड़ने के पश्चात् कृदन्तों के प्रत्यय जोड़ने से विभिन्न कृदन्तों के सकर्मक प्रेरणार्थक रूप बन जाते हैं। जैसे-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रेरणार्थक भूतकालिक कृदन्त

(क) हसावि+अ/य = **हसाविअ/हसाविय** (हँसाया गया)

हास+अ/य = **हासिअ/हासिय** (हँसाया गया)

(ख) करावि+अ/य = **करावि‌अ/करावि‌य** (कराया गया)

कार+अ/य = **कारिअ/कारिय** (कराया गया)

प्रेरणार्थक वर्तमान कृदन्त

(क) हसावि+अ+न्त = **हसावन्त** (हँसाता हुआ)

हसावि+अ+माण = **हसावमाण** (हँसाता हुआ)

नोट- यहाँ हसावि के बाद 'अ' विकरण लगाया गया है क्योंकि अपभ्रंश में क्रियाओं को अकारान्त करने की प्रवृत्ति होती है।

हास+न्त = **हासन्त** (हँसाता हुआ)

हास्+माण = **हासमाण** (हँसाता हुआ)

(ख) करावि+अ+न्त = **करावन्त** (करवाता हुआ)

करावि+अ+माण = **करावमाण** (करवाता हुआ)

नोट- यहाँ करावि के बाद 'अ' विकरण लगाया गया है क्योंकि अपभ्रंश में क्रियाओं को अकारान्त करने की प्रवृत्ति होती है।

